भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4820

दिनांक 31 **मार्च**, 2022

पेट्रोल की कीमतें

†4820. **श्रीमती नुसरत जहां**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत दो-तीन महीनों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है और इसके बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उक्त अवधि के दौरान एक बार भी वृद्धि नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि आने वाले दिनों में पेट्रोलियम की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने वाली है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग): पेट्रोल और डीजल के मूल्यों को क्रमश: दिनांक 26.06.2010 और 19.10.2014 से बाजार निर्धारित बना दिया गया है और ये अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों के मूल्यों से जुड़े हुए हैं। तब से, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेती हैं।

****